संक्षिप्त

सम्मान समारोह 26 जून को

फुलेरा। माली सैनी समाज धर्मशाला विकास समिति, भन्धे बालाजी द्वारा 26 जून को भव्य भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को धर्मशाला परिसर में समाज के गणमान्य व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के पश्चात कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष एवं गौसेवक अमर चन्द सैनी ने बताया कि धर्मशाला की स्थापना 26 जून 1999 को हुई थी। इस वर्ष संस्था के 27 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धर्मशाला निर्माण में सहयोग देने वाले सभी भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर माली सैनी समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी, रामगोपाल, किशन लाल, प्रेमचन्द बडीवाल, लूणकरण सैनी, डालचन्द गढ्वाल, महेन्द्र सैनी, राधेश्याम सैनी, अनिल सैनी, मुकेश मालाकार, रामलीलाल पापटवान, मुकेश सैनी, धर्मेन्द्र सैनी, सूरज सैनी, नोरतमल सैनी, गणेशलाल सैनी, नानूराम सैनी, रुडाराम सैनी सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

क्रिकेट प्रतियोगिता का पोस्टर जारी

चौमूं/कालाडेरा। कस्बे के बस स्टैंड के पास स्थित भाला स्टेडियम में फ्रेंड्स सेवा समिति के तत्वावधान में 18 मई 2026 को कालाडेरा समर कप सीजन - 3 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया जायेगा। क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्ट का विमोचन मंगलवार को भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि ठामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर होता रहता है जिससे ठामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान अमित शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, दीपक जांगिड, विजय नागर, लोकेश चौबे, सहीत कई लोग मौजूद थे।

जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में अलीगढ थाना पुलिस टीम ने अवैध जुए के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अलीगढ के जंगल में छप्पर के नीचे ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए आरोपी विजय, ओमप्रकाश, कमर हुसैन, रिजवान और रहमान को रंगे हाथ पकडा गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 28 हजार 610 रुपए नगद जुआ राशि बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज कर कानूनी अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा टोंक। अति॰ पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन मे निवाई सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मंगलवार अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निवाई सदर थाना क्षैत्र से आरोपी अजय सिह रावत पुत्र चतर सिह उम्र 28 साल निवासी बीज गोदाम के पास वनस्थली को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

चादरपोषी पर पधारे सैकड़ों भक्त

मनोहरपूर। बानसूर - फूटा जोहड़ा धाम जहाँ के महंत रतन दास जी महाराज का सांकेतवास 5 अप्रेल को हो गया था जिनकी चादर पोषी की रस्म कल सोमवार को प्रदेशभर से पधारे संत महात्माओं की पावन उपस्थिति में उनके कृपा पात्र शिष्य युवराज आचार्य गौसेवक श्री बलराम दास जी पर हुई आचार्य श्री बलराम दास जी प्रदेशभर से पधारे संतो का व भक्तों का आभार व्यक्त किया व उन्होंने आशीर्वचन देतें हुए अपने गुरू महाराज के बारे में अनेक बातें बताई ऐसे में वो भाहुक दिखे लेकिन उन्होंने बताया की में मेरे गुरु महाराज के पद चिन्हो पर चलूँगा उनके सानिध्य व उनके आशीर्वाद से चल रही गौ सेवा ब्राह्मण सेवा आगे भी ऐसे ही चलती रहेंगी

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल का लक्ष्य है कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे : रामहेत

किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जटियाना में एलईडी मोबाइल वैन पहुंचने पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने ग्रामीणों को सम्बोधित किया।

- किशनगढ़ बास के गांव जटियाना में एलईडी मोबाइल वैन ग्राम रथ ने किया योजनाओं का प्रचार

किशनगढ बास। राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ मंगलवार को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जटियाना में एलईडी मोबाइल वैन पहुंची। वैन के गांव में प्रवेश करते ही ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्क्रीन पर चल रही योजनाओं की जानकारी को बुजुर्ग, महिला और युवा सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक व भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान का मूल उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सीधे ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के साथ लोगों को लाभ उठाने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा पहले लोग जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित रह जाते थे। अब ठाम रथ घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहा है। यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ठामीणों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। रामहेत यादव ने कहा कि इस तरह के नवाचारपूर्ण अभियानों से ठामीण क्षेत्रों में जागरूकता का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। जब लोगों को पता चलता है कि कृषि, पशुपालन, महिला सशक्तिकरण, बिजली, पानी, सड़क जैसी योजनाएं उनके लिए ही बनी हैं, तो वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं अभियान के दौरान एलईडी मोबाइल वैन पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से योजनाओं का सरल और सहज प्रस्तुतीकरण किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विकास कार्यों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

जनसुनवाई में लोगों ने बताई पानी, सड़क की समस्याएं

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने ग्राम भांकरी अपने निज आवास पर जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा व अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक धनकड़ ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान ही उनकी प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व कार्यकर्ताओं को भी जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मेरा कर्तव्य है। हर व्यक्ति को बिना भेदभाव के न्याय मिले, इसके लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।

महिलाओं ने एईएन को चेतावनी दी

सांभरझील, (निसं)। भारतेंदु हरिश्चंद्र के प्रसिद्ध नाटक अंधेर नगरी से प्रसिद्ध हुई कहावत अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा। ऐसे ही हालात यहां के राजनीतिक दलों के बने हुए है। जिन्हें न तो आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार है और ना ही उनके दुख दर्द को दूर करने के लिए कोई संवेदना ही बची है। सांभर में भी आज लंबे समय से पेजजल समस्या से जूझ रही सैकडो ठाहणियों की आवाज को उठा पाने में पूरी तरह से भाजपा व कांठोस के नेता अनक्वालिफाइड सिद्ध हो गए तो आखिरकार इन्होंने खुद ने एकजुटता दिखाते हुए पेयजल समस्या को दूर कराने के लिए कमर कस जलदाय विभाग के सहायक अभियंता के दफ्तर के बाहर पहुंच गई। इतना सब कुछ होने के बाद भी सत्ता व विपक्ष पदाधिकारी घरों में ही बैठे रहे। इन ठाहणियों ने गहरा आक्रोश जताया, धरना प्रदर्शन किया।

21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन माहौल हुआ भक्तिमय

- कथावाचक महंत जयराम दास महाराज ने सुनाया शिव विवाह का प्रसंग
- कथावाचकमाता सती के देह त्याग के बाद उन्होंने पुनः पर्वतराज हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया।

पावटा। क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पर मंहत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन भक्तिमय माहौल बना। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के चारों ओर परिक्रमा कर रहे थे। वही यज्ञाचार्य द्वारकेश मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन कार्य करवाया जा रहा था। खासकर महिला श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा में ज्यादा तल्लीन दिखे। मंहत जयराम दास महाराज ने बताया कि बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम में इस बार का 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ व नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव अद्वितीय होने जा रहा है। नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथावाचक राम पाठक महाराज ने श्रद्धालुओं को शिव कथा के प्रवचन में कहा कि भगवान शिव के विवाह का प्रसंग अत्यंत पावन और रोचक माना जाता है। माता सती के देह त्याग के बाद उन्होंने पुनः पर्वतराज हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। पार्वती की अटूट भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर शिव ने विवाह के लिए सहमति दी। उनके विवाह में देवता, ऋषि-मुनि और समस्त लोक उपस्थित हुए। शिव की बारात अत्यंत अनोखी थी, जिसमें भूत-प्रेत और गण शामिल थे, जिसे देखकर पार्वती की माता मैना देवी पहले चकित हुईं, लेकिन बाद में शिव के दिव्य रूप को देखकर प्रसन्न हो गईं। इस प्रकार भगवान शिव और माता पार्वती का यह दिव्य विवाह प्रेम, तपस्या और समर्पण का अद्भुत उदाहरण बन गया। इस दौरान भगवान शिव की एवं माता पार्वती की झांकी भी सजाई गई। इस दौरान जगन चौधरी, कन्हैयालाल मीणा, विमल गर्ग, रामदयाल टांक, वीरेंद्र बंसल, कृष्ण कुमार गौड, लक्ष्मण सिंह, मालीराम शर्मा, महेश मोदी आंतेला सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजक बाबा भूतनाथ कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, आकाश शर्मा, अमन शर्मा, विजय शर्मा, लोकेश टांक, गोपाल टांक, अमित शर्मा, महेंद्र कुमावत, प्रदीप टांक, विनय गोयल, विनीत शर्मा, कालूराम, अमित बटवाल सहित कार्यकर्ताओ ने बताया कि आज से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री रूद्र महायज्ञ व दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा का प्रतिदिन वाचन होगा जिस पर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से प्रतिदिन कार्यक्रम में पधार कर कथा श्रवण करने की अपील की।

कॉन्स्टेबल हत्या मामले में दो आरोपी पकड़े

- कॉन्स्टेबल की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी वन्यजीवों के शिकार करते है जो शिकार की फिराक में झाड़ियों में छिप कर बैठे थे, जब गत 4 मई को गश्त पर निकले कॉन्स्टेबल ने उन्हें टोका तो झगड़ने लगे और कॉन्स्टेबल को गोली मार दी

टोंक। उनियारा में हुई कॉन्स्टेबल की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी वन्यजीवों के शिकार कार्य करते है जो उस समय शिकार की फिराक में झाड़ियों में छिप कर बैठे थे, जब गत 4 मई को गश्त पर निकले कॉन्स्टेबल ने उन्हें टोका तो झगड़ने लगे और कॉन्स्टेबल को गोली मार दी। मामले की गम्भीरता लेते हुए अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपियों को 12 घंटे बाद जंगल से ही पकड़ा लिया। अति.पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने बताया कि बनेठा थाने के उनियारा इलाके में गत 4 मई रविवार को कॉन्स्टेबल भागचंद सैनी का शव मिलने के बाद पुलिस टीम ने जंगल में सर्च अभियान शुरू किया, कार्यवाही के बाद रूपवास के जंगल से आरोपी राजेश पुत्र बजरंग लाल मीणा 32 साल निवासी मोटीस की झोपडियां उनियारा एवं दिलराज पुत्र सोहन लाल मीणा 32 साल जो जंगल में छुपे मिले। जिन्हे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही में पुलिस ने बताया कि जंगल में सर्च के दौरान पुलिस टीम को बारूद की गंध भी आ रही थी। जहां से आरोपियों को पकडा गया, वहां भी वैसी ही गंध महसूस हुई, आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस दौरान आरोपियों के पास से हत्या में टोपीदार बंदूक, बाइक, छर्रे व बारूद और एक छुरा भी बरामद मिला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इसी बंदूक से फायर किया गया था। आरोपी पेशे से चालक है जो शनिवार की रात्रि को घटनास्थल (रूपवास मोड) के पास वन्यजीवों- मोर, खरगोश, तीतर का शिकार करने गए थे। भागचंद ने जब इनसे पूछताछ की तो इन्होंने उससे झगडा शुरू कर दिया। इसके बाद उसे गोली मार दी।

भाजपा की जीत पर पटाखे फोड़े

फुलेरा। पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर फुलेरा कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

गांधी चौक पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने जीत को जनता का विकास और राष्ट्रहित की राजनीति पर विश्वास बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव कयाल ने कहा कि देश की जनता अब विकास आधारित राजनीति को समर्थन दे रही है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति से जनता में असंतोष था, जिसका जवाब मतदाताओं ने चुनाव परिणामों के माध्यम से दिया। वहीं असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सुरेश मिश्रा, आलोक तिवारी, सुरेश सैनी, संजय वार्ष्णेय, शेषनारायण सैनी, सीपी त्रिपाठी, महेशसहाय शर्मा, विनोद अरोड़ा, कमल शर्मा, मनीष गगरानी, पूनम कुमावत, गीता शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला।

फुलेरा में 34 साल से बस स्टैंड का इंतजार

- यात्री सड़क किनारे खड़े होने को मजबूर

फुलेरा। रेलनगरी के रूप में प्रसिद्ध फुलेरा कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड का मामला वर्षों से लंबित है। करीब 34 साल बीत जाने के बाद भी यहां स्थाई बस स्टैंड शुरू नहीं हो सका है, जिससे यात्रियों को आज भी सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और विभागीय स्तर पर समन्वय के अभाव के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1991 में तत्कालीन पालिका अध्यक्ष स्व. राजेंद्र वाष्णेय के प्रयासों से न्यू कॉलोनी स्थित सिद्धि गणेश मंदिर के पास लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बस स्टैंड का निर्माण किया गया था।

वर्ष 1992 में इसका उद्घाटन हुआ, लेकिन रेलवे के तीन समपार फाटकों के कारण बसों का संचालन सुचारू नहीं रह सका और वर्ष 1993 में इसे बंद कर दिया गया। वर्तमान में यह भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है तथा असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है।

इधर, वर्ष 2020 में नगर पालिका द्वारा परशुराम सर्किल, पांचबत्ती चौराहे के पास नए बस स्टैंड के लिए भूमि आवंटित की गई। वर्ष 2023 में तत्कालीन पालिका अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने करीब 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया, किंतु अब तक रोडवेज विभाग से बसों के ठहराव की अनुमति नहीं मिलने के कारण यह भी उपयोग में नहीं आ सका है। बस स्टैंड के अभाव में यात्रियों को परशुराम सर्किल एवं ज्योतिबा फुले सर्किल पर अस्थाई ठहराव से ही बसों में चढना पडता है। प्रतिदिन डिडवाना, नागौर एवं जयपुर डिपो की करीब 18 से 20 बसें फुलेरा होकर गुजरती हैं, लेकिन निर्धारित स्थान नहीं होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार बसें बिना रुके निकल जाती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि बस स्टैंड नहीं होने से बसों के आगमन-प्रस्थान की समय सारणी भी प्रदर्शित नहीं हो पाती, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत द्वारा विधानसभा में भी मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन स्थाई समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नए बस स्टैंड से संचालन शुरू किया।

किसानों को सरकारी योजनाओं से सशक्त बनाने के लिए ग्राम रथ पहुंच रहे है गांवों में

- राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना है

टोंक। राजस्थान सरकार के द्वारा चलाये गये ग्राम रथ अभियान के तहत टोंक उपखण्ड के ग्राम पंचायत मेहंदवास व पालड़ा में रथ द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छान भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदलाल ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है, इससे विकास की रोशनी और जागरूकता की लहर गांव गांव पहुँच रही है। जिसमें राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को पहुंचाना है और ग्राम रथ अभियान इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इस अभियान से किसान, युवा, महिला, श्रमिक, पशुपालक एवं कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए विविध जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी प्रकार निवाई में जागरूकता रथ से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, इस अभियान के तहत किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन जागरूकता रथ का उपयोग किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कला जत्था के लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। अभियान के तहत ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों के लिए एक सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव पत्र डाले।

मेहंदवास व पालड़ा में ग्राम रथ के पहुंचने पर छान भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदलाल ने ग्रामीणों को सम्बोधित किया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 660 दिनांक :-04/05/26

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास / प्लॉट संख्या 265/12 (MIG-B) का आवंटन श्रीमती कौशल्या देवी खुटेटा पत्नी श्री घासी लाल गुरा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6086 दिनांक 19-11-2009 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 3706/6193 दिनांक 31-03-2013 के द्वारा श्रीमती नम्रता रीगरा पत्नी श्री मुकेश कुमार रीगरा के पक्ष मे किया गया। इनके पक्ष मे पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 02.05.2013 को कर दिया गया। श्रीमती नम्रता रीगरा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.02.2014 को श्री कमलेश्वर चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर चतुर्वेदी को विक्रय कर उनके पक्ष मे विक्रय पत्र उप पंजीयक (चतुर्थ) जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री कमलेश्वर चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 31.10.2017 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री सोम्य चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री कमलेश्वर चतुर्वेदी द्वारा आवासन मण्डल मे पंजीकृत हक त्याग के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री सोम्य चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री कमलेश्वर चतुर्वेदी का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 573/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि साध्वी सूर्या कुमारी पुत्री स्व. श्री देवनदास निवासी ए.डी./7 सी. देवी मार्ग, वनीपार्क, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री माधव मिशन ट्रस्ट कार्यालय पता-आगरा रोड़, कानोता, जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.07.2026

मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर
दीनदयाल विरुद्ध राकेश आदि
वाद बाबतः- सिविल मृत्यु उद्घोषित किये जाने वाद सं.-3 सन् 2026

वनाम-1. हर आम व खास

वादी ने आपके विरुद्ध सिविल मृत्यु उद्घोषित करवाने के लिये वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 22.05.2016 को दिन में सुबह 7 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर वे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य वाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा दाखिल / सुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर, चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में हो तो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगों तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 23 माह 04 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ जिला सीकर
मोहर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, चाकसू जिला जयपुर
क्रमांक-राजस्व/26/3765 दिनांक 29.04.2026
विषय- मु.न 196/2022 विजयबाला बनाम अब्दुल सईद में नोटिस साया करने बाबत्
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
प्रतिवादीगण

1. अब्दुल सईद पुत्र छोटे खां
2. अब्दुल अजीज पुत्र कयूब खां
3. अब्दुल गफूर पुत्र घांद खां (मृतक)
   3/1 मंजूर पुत्र गफूर
   3/2 मकसूद पुत्र गफूर
   3/3 सायरा पुत्री गफूर
   3/4 खातून पत्नि गफूर
4. अब्दुल मजीद खां पुत्र कयूम खां
5. अब्दुल रज्जाक पुत्र कयूम खां
6. अब्दुल रहमान पुत्र अलादीन खां
7. अब्दुल रशीद पुत्र बशीर खां
8. अब्दुल वहीद अलादीन खां
9. अब्दुल शकूर पुत्र चांद खां
10. बाबू खां पुत्र चांद खां
11. भौरी देवी पत्नि मदनलाल
12. मुन्ना खां पुत्र छोटे खां
13. मैहम्मद रफीक पुत्र कयूम खां
14. मौहम्मद ईदरिश पुत्र छोटे खां
15. मौहम्मद उमर पुत्र छोटे खां (मृतक)
    15/1 अज्ञान पुत्र उमर
    15/2 जुबेर पुत्र उमर
    15/3 नाजिम पुत्र उमर
16. मौहम्मद रफीक पुत्र बशीर खां
17. मौहम्मद शब्बीर पुत्र बशीर खां
18. मौहम्मद शब्बीर पुत्र चांद खां
19. मौहम्मद हनीफ पुत्र चांद खां
20. युसूफ पुत्र अलादीन
21. रहूफ पुत्र अब्दुल रसीद खां
22. सद्दीक मोहम्मद पुत्र बशीर खां

समस्त जाति मुसलमान निवासी ग्राम चन्दलाई तहसील चाकसू जिला जयपुर राज.

23. राजेन्द्र पुत्र मदन लाल
24. हनुमान पुत्र मदन लाल
25. कन्हैया लाल पुत्र मदनलाल
26. कैलाशचन्द पुत्र मदनलाल
27. घनश्याम पुत्र मदनलाल
28. जगदीश नारायण पुत्र शंकर
29. दमयंती देवी पुत्री मदनलाल

समस्त जाति महाजन निवासी-न्यू सांगानेर रोड, सोडाला जयपुर राज.

30. अब्दुल लतीफ पुत्र बशीर खॉ (मृतक)
    30/1 अतीक पुत्र लतीफ
    30/2 कदीर पुत्र लतीफ
    30/3 सलीम पुत्र लतीफ
    30/4 आसमां पुत्री लतीफ
    30/5 सलमा पुत्री लतीफ
    30/6 कनीज पत्नि लतीफ

जाति मुसलमान निवासी चन्दलाई तहसील चाकसू जिला जयपुर।

उक्त व्यक्तियों को दिनांक 6.5.26 को न्यायालय में उपस्थित होना है।

उपखण्ड अधिकारी चाकसू (जयपुर)

खोया पाया

मेरे मकान 11/1423 का मूल आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन व अन्य कागजात मालवीय नगर में कहीं गिर गए है, मिलने पर सूचित करें- किरण 8209127703

आवास संख्या 117/225 मूल आवंटन पत्र व नियमितिकरण स्लीप पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। सुरेन्द्र रानी जुनेजा मो. 9314124773

आवास संख्या 117/226 मूल आवंटन व कब्जा पत्र (handing over taken over) व नियमितिकरण स्लीप पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। सुरेन्द्र रानी जुनेजा मो. 9314124773

मेरे भूखण्ड संख्या डी-33 सृष्टि आवासीय योजना चाकसू जयपुर का मूल लीज डीड पट्टा नगर पालिका चाकसू द्वारा जारी किया गया था जो कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें- देवेश बच्चानी मो. 7891890274

प्लाट नम्बर डी-32 योजना बक्शावाला सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। आनंद कुमार विद्यार्थी मो.नं. 9829933132

नाम परिवर्तन

मैं अपना नाम ओमेन्द्र कुमार शर्मा से ओमेन्द्र शर्मा पुत्र श्री शान्ति कुमार शर्मा, निवासी A-67 (डी) बालाजी ब्लेसिंग-2, Sec-51, अजमेर रोड, मानसरोवर जयपुर, रख रहा हूँ, भविष्य में मुझे ओमेन्द्र शर्मा के नाम से ही जाना जाए।

मैं संजीव गोयल पुत्र श्री मदन लाल गोयल निवासी 1-न-8, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम संजीव कुमार से बदलकर संजीव गोयल (SANJEEV GOYAL) रख लिया है। भविष्य में मुझे संज